सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 07 फाल्गुन, 1934 (श0) / 26 फरवरी, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 109

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 23 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 40 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) परिवहन विभाग | .. | .. | 05 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 06 |
| (6) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 06 |
| (7) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 10 |
| (8) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 06 |
| (9) निबंधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (10) खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 02 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. | .. | 04 |
| | कुल योग | .. | 109 |

निर्माण करना

*564. श्री विनोद नारायण झा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी अनुमंडल के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बसैठ, उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरेर और उत्क्रमित उच्च विद्यालय धकजरी के भवन निर्माण के लिये स्वीकृत राशि समय पर विद्यालय भवन के निर्माण नहीं हो पाने के कारण वापस ले ली गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त तीनों विद्यालयों के भवन निर्माण के लिये पुनः राशि निर्गत कर निर्माण कार्य सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यो ?

---

निर्माण करना

*565. श्रीमती मनोरमा प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड स्थित मंगलपुर मध्य विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आस–पास के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जबकि उक्त मध्य विद्यालय में पाँच एकड़ जमीन है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस पड़ाव बनाना

*566. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड उचका गाँव के नगर पंचायत मीरगंज में बस पड़ाव नहीं है, परन्तु टैक्स की वसूली की जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगर पंचायत मीरगंज में स्थल का चयन कर बस पड़ाव बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*567. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत नरंगा मध्य विद्यालय उत्क्रमित होने की पात्रता रखता है एवं उसके पाँच (05) कि0मी0 के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*568. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड के कंचनपुर मध्य विद्यालय में छात्र–छात्राओं की संख्या 1200 है एवं 10 किलोमीटर की परिधि में कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा लेने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय कंचनपुर को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि भेजना

*569. श्री चन्द्रशेखर—हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 28 जनवरी, 2013 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "शिक्षाकर्मियों ने किया सांसद आवास का घेराव" के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त कर मेधानुसार छात्र उत्तीर्णता के आधार पर शिक्षक एवं कर्मचारियों का अनुदान महाविद्यालय को आवंटित करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षक एवं कर्मचारियों के खाता में सीधे अनुदान की राशि नहीं जाने से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपस्थिति के आधार पर शिक्षक एवं कर्मचारियों के खाता में सीधे अनुदान की राशि भेजने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*570. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरुआ प्रखंड के भरौधा उच्च विद्यालय का चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं का प्रवेश विद्यालय परिसर में हो जाता है, जिससे पठन–पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*571. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के मध्य विद्यालय दतरौल, बेलखुण्डा, उकौड़ा, धमौल तथा ज्युरी के 5 कि०मी० की परिधि में कहीं भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को दशम् वर्ग तक पढ़ाई करने में काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों को 2.5 एकड़ से अधिक भूमि भी उपलब्ध है, साथ ही वर्ग कक्षा भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुक्त करना

* 572. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर के टाइगर क्षेत्र के मदनपुर रेंज के दिल्ली कैम्प के 4 कि0मी0 के वन क्षेत्र मे विगत 20 वर्षों से 500 हेक्टेयर जमीन में जल–जमाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वन क्षेत्र के 500 हेक्टेयर में जल–जमाव से किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र को जल–जमाव से मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

* 573. श्री छेदी पासवान—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड सासाराम के ग्राम करवंदिया के पास बिना पेड़, घास का मृतक पहाड़ अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पहाड़ के पत्थर से चिप्स, पटीया और बोल्डर बनाया जाता था तथा उक्त पहाड़ के पत्थर से चिप्स बनाने हेतु सरकार ने चार सौ क्रशर लगाने के लिए निलामी के तहत 20 वर्षों की मान्यता दी थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पहाड़ के पत्थर खदानों पर सरकार रोक लगा दी है जिससे चार सौ क्रशर इकाइया बंद हो गयी है चिप्स, पटीया और बोल्डर के अभाव में मकान बनाने वाले लोगों तथा सरकारी कार्य भी बाधित हो रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पहाड़ के पत्थर खदानों को चालू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

* 574. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड के कोडीया रामपुर उच्च विद्यालय को 10+2 की स्वीकृति वर्ष 2011 में दी गई है किन्तु आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था नही की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

* 575. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय प्रखंड स्थित जनता उच्च विद्यालय, चाँदपुरा के 10 कि0मी0 के परिधि में कोई 10+2 विद्यालय नहीं है, जिससे छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को +2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

निरस्त करना

* 576. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के काबर झील की पन्द्रह हजार एकड़ उपजाऊ एवं वास की जमीन वन क्षेत्र नहीं रहने के बावजूद सरकार द्वारा अधिगृहित कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना 2839, दिनांक 27 नवम्बर, 2011 के द्वारा किसानों के दावे के निष्पादन के लिए मंझौल अनुमंडल पदाधिकारी को समाहर्ता के रूप में प्राधिकृत किया गया है, जबकि निर्दिष्ट प्राधिकार का उल्लंघन कर जिलाधिकारी बेगूसराय ने जमीन खरीद–बिक्री पर रोक लगा दी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उपजाऊ एवं वास की जमीन के अधिग्रहण की अधिसूचना वापस करना चाहेगी और बेगूसराय के जिलाधिकारी के आदेश को निरस्त करना चाहती है ?

---

विद्यालय खोलना

* 577. श्री जनक सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के ग्राम नगराज एवं शामकौड़िया में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जबकि उक्त गाँव की आबादी एक हजार से अधिक है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था करना

* 578. श्री विनय बिहारी––क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के टाइगर रिजर्व, बाल्मीकिनगर को यूको टूरिज्म के लिए 01 नवम्बर, 2012 को खोल दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर पर्यटकों को लुभाने के लिए वन क्षेत्र के जानवरों, उन्नत किस्म के पेड़–पौधे, सहित अन्य चीजों को दिखाने एवं आधुनिक सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराते हुए यूको टूरिज्म क्षेत्र में पार्क सौन्दर्यीकरण तथा चिन्हित स्थानों से बाघों एवं अन्य जीव जन्तुओं को दिखलाने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नामंकन कराना

* 579. श्रीमती पूनम देवी यादव––क्या मंत्री, शिक्षा विभाग (प्रा0शि0), यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि 6 से 14 आयु वर्ग के अनामांकित बच्चों को सर्वशिक्षा अभियान के तहत शत–प्रतिशत नामांकन कराना है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो खगड़िया जिलान्तर्गत 6–13+आयु वर्ग के 1608, 6–10+आयु वर्ग के 5041 तथा 11–13+आयु वर्ग के 6649 बच्चे विद्यालय से अनामांकित हैं, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

पूर्ण करना

* 580. श्री राम नरेश प्रसाद यादव––क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखण्डान्तर्गत उच्च विद्यालय सोनवरसा (नन्दीपत जितु उच्च विद्यालय) में मुख्य मंत्री सम विकास योजना से वर्ष 2009–10 में चार कमरा निर्माण करने की स्वीकृति मिली थी, किन्तु उक्त भवन का निर्माण अभी तक अधूरा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नन्दीपत जितु उच्च विद्यालय, सोनवरसा में मुख्यमंत्री सम विकास योजना से बनने वाले अधूरे भवन को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

* 581. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड तथा वारिसनगर प्रखंड में एक भी स्टेडियम नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार देहात के बच्चों, खेल एवं खिलाड़ियों के लिए उक्त प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वितरण करना

* 582. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड अंतर्गत चन्दौली पंचायत के उत्क्रमित म0वि0 भरवारी टोला में छात्रों के बीच पोषाहार का वितरण पिछले 4 वर्षों से नहीं हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा 8 माह पूर्व में इसकी शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी के यहां करने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पोषाहार वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

* 583. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्डान्तर्गत उच्च वि0 जितवारपुर एवं मध्य विद्यालय, नाजीरपुर में उर्दू पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 100 से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार प्रत्येक उच्च / मध्य वि0 में एक उर्दू शिक्षक को पदस्थापित किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 584. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड पंचायत महेशपुर ग्राम सिहरौल के मध्य विद्यालय का भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2008 से अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय के भवन निर्माण हेतु राशि का उठाव हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 585. श्री बिक्रम कुँवर—क्या मंत्री, खनन् भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमों के अनुसार ईट भट्ठे के निर्माण पक्की सड़कों के 150 गज की दूरी पर करना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के रघुनाथपुर अंचल के पिपरा ग्राम के मौजे मंजिलसा में श्री सुरेन्द्र सिंह का चिमनी टाडी उसरी पथ से महज 25 गज की दूरी पर है और सरकारी जमीन पर अवस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उनपर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*586. श्री रामचन्द्र सदा—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगडिया जिला के अलौली प्रखंड के फुलतौड़ा घाट से पटना तक सरकारी बस नहीं चलाई जा रही है जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खगड़िया जिला के अलौली प्रखंड के फुलतौड़ा घाट से पटना तक सरकारी बस परिचालन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

समीक्षा करना

*587. श्री (डॉ0) अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा निबंधन कार्यालय में 5 कट्ठा या उससे कम कृषि योग्य अथवा बलुआही जमीन का निबंधन शुल्क वासडीह भूमि के बराबर निबंधन शुल्क देना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के उक्त निर्णय से आमलोगों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्णय की समीक्षा करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दर्जा देना

*588. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखंड में गोपालपुर (शेरघाटी) अनुसूचित जाति/जन–जाति अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में मैट्रिक कक्षा (दशम् वर्ग) तक ही पढ़ाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में +2 की पढ़ाई नहीं होने से अनुसूचित जाति/जन–जाति के छात्रों को कठिनाई होती है एवं आगे की पढ़ाई बाधित हो जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपालपुर (शेरघाटी) अनुसूचित जाति/जन–जाति अम्बेदकर उच्च विद्यालय को +2 विद्यालय का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*589. श्री चन्द्रशेखर—हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 15 जुलाई, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "एरियर नहीं मिलने से सदर प्रखंड की सेविका और सेविकाएं बेहाल" के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा प्रखंड के सेविकाओं एवं सहायिकाओं को दो वर्ष से बढ़े हुए मानदेय के एरियर का भुगतान नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय के एरियर भुगतान का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी बनाना

*590. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के पकुड़िया मध्य विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार वहां चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*591. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा 6 (अ) के अनुसार अल्पवयस्कों द्वारा एवं अल्पवयस्कों को तम्बाकू बिक्री पर प्रतिबंध है एवं धारा 6 (ब) के अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज की दूरी तक तम्बाकू की बिक्री पर प्रतिबंध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जॉन हॉपकिंग संस्थान द्वारा हाल में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार बिहार में 65 प्रतिशत से ज्यादा ऐसी शैक्षणिक संस्थाएँ हैं, जहां 100 गज के दायरे में तम्बाकू बेचने वाली दुकाने हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पवयस्कों को तम्बाकू बेचने तथा शैक्षणिक संस्थानों के नजदिक तम्बाकू बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*592. श्री (डॉ०) कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि —

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गया से टेउसा होते हुए बथानी से राजगीर तक एक भी बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस नहीं चलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पर सरकारी बसें नहीं चलने से यात्रियों को बहुत कठिनाई होती है तथा निजी बस संचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ पर सरकारी बस चलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*593. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड और अनुमंडल मुख्यालय, फुलपरास में कोई कन्या उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, सिसवा बरही (फुलपरास) को उत्क्रमित कर कन्या उच्च विद्यालय बनाने का प्रस्ताव जिला शिक्षा अधीक्षक, मधुबनी द्वारा 2 वर्ष पूर्व सरकार को भेजा गया है, जो सरकार के पास विचाराधीन है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित विद्यालय को कन्या उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*594. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, कजरा, संताली में चहारदीवारी नही रहने के कारण बच्चों को असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार वहां चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*595. श्री रामचन्द्र सदा—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में बालिका आवासीय विद्यालय नहीं है, जिससे जिला के अनुसूचित जाति के बालिकाओं को अन्य जिला के आवासीय विद्यालय में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खगड़िया जिला मुख्यालय में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित करना

*596. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग ने वर्ष 2017 तक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 92 हजार शिक्षकों को नियुक्त करने का निर्णय लिया है, जिसके पहले चरणों में एस०टी०ई०टी० पेपर टू उत्तीर्ण 20,743 अभ्यर्थी हुए हैं, परन्तु इनमे मात्र 9,632 प्रशिक्षित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन०सी०टी०ई०) से इस समस्या के निराकरण के लिये हाई स्कूल एवं प्लस टू में अप्रशिक्षितों की नियुक्ति की अनुमति 6 वर्षों तक के लिये माँगी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन विद्यालयों में रिक्त शिक्षकों के सभी पदों को भरना सुनिश्चित करना चाहेगी, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*597. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के ग्राम नेपुआ के उत्क्रमित म० वि० के वर्तमान प्रधानाध्यापिका द्वारा वर्ग 3 से लेकर 8 तक छात्र–छात्राओं को मिलने वाली पोशाक योजना में वित्तीय वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 जाली हस्ताक्षर कर 2 लाख रुपये की निकासी की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2010–11 में वर्ग 4 में क्रमांक संख्या 4 से 58 तक वित्तीय वर्ष 2011–12 में वर्ग 5 के क्रमांक 72 से 104 तक छात्रों के नाम का जाली हस्ताक्षर कर राशि की निकासी की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राशि के गबन करने वाले वर्तमान प्रधानाध्यापिका पर कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

खाली करना

*598. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत बी०पी० हाई स्कूल के छात्रावास में डी०ओ० (शिक्षा विभाग) कार्यालय खुला हुआ है, जिससे आम छात्रों के छात्रावास को अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास को खाली करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

* 599. श्री रामायण मांझी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के जिरादेई प्रखंड के ग्राम संजलपुर में मध्य विद्यालय के 1 से 6 कक्षा के बच्चों का 2012 का छात्रवृत्ति एवं पोशाक राशि का वितरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बच्चों को छात्रवृत्ति एवं पोशाक योजना की राशि का भुगतान करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

---

ऑनलाइन करना

* 600. श्री सम्राट चौधरी, उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की निविदा/बंदोबस्ती निति के तहत 25 लाख रुपये से ऊपर की राशि की निविदा ऑनलाइन करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में बालू घाटों की बंदोबस्ती ऑनलाइन निविदा के माध्यम से नहीं की जा रही है, जिससे राजस्व की हानि हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य मे बालू घाटों की बंदोबस्ती ऑनलाइन निविदा के माध्यम से करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लागू करना

* 601. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया मेनटेन्स एण्ड वेलफेयर ऑफ पैरेन्ट्स एण्ड सिनियर सिटीजन्स ऐक्ट, 2007 को बिहार राज्य में अभीतक लागू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उसे कबतक लागू करने का विचार रखती है ?

---

पदस्थापित करना

* 602. श्री राम लषण राम "रमण"—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढी प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में एक भी महिला शिक्षक या आदेशपाल नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक महिला शिक्षक एवं आदेशपाल को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 603. श्री रामेश्वर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, चन्दौली की चहारदीवारी नहीं होने से विद्यालय प्रांगण में आवारा पशुओं का जमावड़ा होता है, जिससे विद्यार्थियों को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

* 604. श्री (डॉ0) अरूण कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान–सभा क्षेत्र के सभी तेरह उच्च विद्यालयों को वर्ष 2010 में 10+2 में उत्क्रमित किया गया था, लेकिन इनमें विषयवार शिक्षक की प्रतिनियुक्ति आजतक नहीं की गयी जिस कारण शिक्षण कार्य में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 605. श्री अभिराम शर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले के +2 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रकसीया दयालचक, उ0वि0 मांदिल, रामकृष्ण प्रवेशिक विद्यालय, पड़ई, उ0वि0, नोआवा, गाँधी प्रवेशिका कृष्णाश्रम, सिकरिया, उ0वि0, सुरूंगापुर, भवानीचक विद्यालयों का भवन निर्माण नहीं हो सका है, जबकि उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु राशि विभाग द्वारा वर्ष 2010 से पूर्व उपलब्ध करा दिया गया था ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त +2 विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

* 606. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड अंतर्गत चन्दौली पंचायत के भरवारी टोला में उत्क्रमित म0वि0 में छात्रों की संख्या 400 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2006–07 में 12 लाख रुपये में 3 कमरा, वर्ष 2009–10 में 12 लाख एवं वर्ष 2010–11 में 15 लाख रुपया आवंटित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का भवन निर्माण अर्द्धनिर्मित अवस्था में है ;

(4) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा इसकी शिकायत पत्र के माध्यम से 10 माह पूर्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी के यहाँ करने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गई है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के अर्द्धनिर्मित भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लागू करना

* 607. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मानव व्यापार रोकने के लिए सरकार ने गोवा चिल्ड्रेन ऐक्ट के तर्ज पर अस्तित्व योजना लागू करने हेतु दिसम्बर, 2008 में अधिसूचना प्रकाशित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिसूचना के मुताबिक अस्तित्व योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर क्रमशः मुख्य सचिव एवं जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है किन्तु अबतक कहीं भी एक भी बैठक नहीं बुलाई गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य में अस्तित्व योजना को लागू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*608. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के सहिया उच्च विद्यालय के 5 कि०मी०की परिधि में एक भी 10+2 विद्यालय नहीं है, जिससे उक्त क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आगे की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को +2 में उत्तक्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय खोलना

*609. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के 101 अनुमंडलों में से 9 अनुमंडल डुमराँव, वीरपुर, पटोरी, बनमंखी, मनिहारी, बायसी, मंझौली, डेहरी, बिरौल में अवर निबंधन कार्यालय नहीं है, जिससे निबंधन संबंधी कार्यों में आम जनता को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलों में अवर निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*610. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंडान्तर्गत छाँवों उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं की सुरक्षा हेतु उक्त विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शुरू करना

*611. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग के भवन निर्माण के लिए गायघाट में तीन वर्ष पूर्व पाँच एकड़ का जमीन अधिग्रहण करने के बावजूद उस पर भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त कॉलेज के भवन निर्माण का कार्य अबतक शुरू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

विद्यालय खोलना

*612. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंड के ग्राम नावानगर एवं नुआँव प्रखंड के हरिहरपुर में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिससे वहाँ के बच्चों को पढ़ने हेतु लगभग 2-3 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन

*613. श्री (डॉ०) अरूण कुमार—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्व में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का संचालन सहरसा से पटना के लिए होता था किन्तु अभी परिचालन बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा से पटना के लिए निजी वाहन मालिकों का दर्जनों बस चलती है और यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जाता है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का परिचालन सहरसा से पटना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि देना

*614. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के महात्मा गाँधी महाविद्यालय, नागेन्द्र झा महिला महाविद्यालय, लोहिया चरण सिंह महाविद्यालय समेत राज्य के 70 वित्त रहित महाविद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2008-09 की अन्तरस्नातक की अनुदान की राशि (जो उत्तीर्ण छात्रों के आधार पर मिलती है) अभीतक विभाग में लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी अन्तरस्नातक एवं स्नातक स्तर के वित्त रहित महाविद्यालयों को अनुदान की राशि वित्तीय वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 का अभीतक नहीं दी गयी है, जबकि परीक्षाफल प्रकाशित हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महाविद्यालयों को लंबित अनुदान की राशि देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवंटित करना

*615. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (उच्च शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जैन कॉलेज, आरा नूतन छात्रावास बीस वर्षों से अवैध कब्जा है और आजतक छात्रों को आवंटित नहीं हुआ है;

(2) यदि उक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास को अवैध कब्जा से मुक्त कर नियमानुसार छात्रों को आवंटित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*616. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आर०के० उच्च विद्यालय, आजमनगर का चहारदीवारी नहीं है जिससे विद्यालय के उपस्कर यथा साइकिल, बेंच, डेस्क आदि असुरक्षित रहता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आर०के० उच्च विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*617. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 5 फरवरी, 2013 को प्रकाशित ''गायघाट में सरेआम बिक रही मौत'' शीर्षक का ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सिटी के गायघाट स्थित गाँधी सेतु के उत्तर व दक्षिण में बनी दर्जनों झोपड़ियों एवं जजेज ट्रेनिंग सेन्टर के आस-पास में अवैध देशी शराब पीने-पिलाने का धंधा चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शराब का अवैध कारोबार करने वालों और कारोबार को नजरअंदाज करने वाले दोषी पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*618. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, रामपुर खुर्द, वार्ड सं० 13 भवन-विहीन होने के चलते वहाँ के छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन खुले आसमान में चल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के लिये भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था करना

*619. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखण्ड में सुरपत सिंह उच्च विद्यालय है, जिसमें एक प्रधानाध्यापक एवं चार नव नियोजित शिक्षक हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में लगभग 1500 (पन्द्रह सौ) छात्र-छात्राएँ हैं तथा शिक्षक के अभाव में विद्यालय का पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*620. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत महिला शिक्षण-प्रशिक्षण महाविद्यालय, घोघरडीहा का भू-खण्ड उपलब्ध रहने के बावजूद भवनहीन है, जिससे प्रशिक्षण का कार्य ठप है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त भवनहीन महाविद्यालय का भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति करना

*621. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया प्रखण्डान्तर्गत इंटरस्तरीय प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, कटोरिया में लगभग 655 छात्राएँ पढ़ती हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के विभिन्न संकाय के कुल 13 पद स्वीकृत हैं, उनमें से मात्र दो (2) शिक्षक पदस्थापित हैं, शेष 11 पद विगत कई महीनों से रिक्त है, जिससे छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच करना

*622. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि संविदा पर बहाल शिक्षकों का वेतन भुगतान प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा दिये गये उपस्थिति पंजी के आधार पर किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत उपस्थिति पंजी के बिना ही संविदा पर बहाल शिक्षकों का वेतन भुगतान किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षकों के वेतन भुगतान में हो रही अनियमितता की जाँच कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 623 श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखण्डान्तर्गत गौरीशंकर उच्च विद्यालय, संझौली, के०के० उच्च विद्यालय, संझौली, उ० विद्यालय, परशुराम नगर, छुलकार, महंथ कन्हैया उ० गंगाजल मठ को वित्तीय वर्ष 2008-09 (+2) में उत्क्रमण के फलस्वरूप अभीतक आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं किये जाने से पठन-पाठन कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में आधारभूत संरचना का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*624. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा अपने पत्रांक 449, दिनांक 19 जून, 2012 को गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखण्ड के बुनियादी विद्यालय, काशीटेंगराही, मध्य विद्यालय, गंगवा, मध्य विद्यालय, झझवा, मध्य विद्यालय, बुधसी, बरौली प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बलरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हसनपुर एवं बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, मुंजा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को प्रस्ताव भेजा गया था, किन्तु आजतक एक भी मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कम्प्यूटर की पढ़ाई

*625. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, तुलसीपुर एवं उच्च विद्यालय, खरीक में बिजली कनेक्शन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों उच्च विद्यालयों में बिजली नहीं रहने से कम्प्यूटर की पढ़ाई नहीं हो रही है, जिससे विद्यार्थी कम्प्यूटर की पढ़ाई से वंचित रह रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों उच्च विद्यालयों में बिजली कनेक्शन दिलवाकर कम्प्यूटर की पढ़ाई करवाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*626. श्री मंजीत कुमार सिंह--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 जनवरी, 2013 को प्रकाशित ''चीनी मिलों के ट्रीटमेंट प्लान्ट कई वर्षों से बन्द'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला स्थित भारत सुगर मिल, सिधवलिया के प्रबंधन द्वारा लगाया गया ट्रीटमेंट प्लान्ट वर्षों से बन्द है एवं ट्रीटमेंट प्लान्ट में जमा गन्दा पानी अगहरा और करमई चौर में फैल जाते हैं, जिससे डेंगू जैसे बीमारी एवं वायु प्रदूषण से हजारों की आबादी परेशान है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो भारत सरकार सुगर मिल, सिधवलीया के खिलाफ सरकार कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रक्रिया पूर्ण करना

*627. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बी०आर०सी० कार्यालय, बासोपट्टी को 13 अक्टूबर, 2012 को उपद्रवी तत्वों द्वारा आग लगाकर बर्बाद कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यालय में तृतीय चरण शिक्षक नियोजन से संबंधित 5680 आवेदन जलकर नष्ट हो जाने के कारण नियोजन प्रक्रिया बाधित हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बासोपट्टी प्रखंड में तृतीय चरण शिक्षक नियोजन की प्रक्रिया शीघ्र पूरा करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*628. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भवानीपुर प्रखंड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, लाठी के 10 से 15 कि०मी० परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे वहाँ के छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को हाई स्कूल विद्यालय में परिणत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*629. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया प्रखंड के कैलाश मिश्र उच्च विद्यालय, जयपुर के भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2006-07 में 17,33,000 रु० का आवंटन सरकार द्वारा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि की निकासी कर ली गई है, परन्तु अभीतक कार्य लंबित है जिसके कारण पठन-पाठन का कार्य बाधित होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूरा कराते हुए लापरवाही बरतनेवाले पदाधिकारियों एवं एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र खोलना

*630. श्री विरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत 2846 वार्ड है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार 2012 में राज्य के सभी वार्डों में आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है;

(3) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में 1906 आंगनबाड़ी केन्द्र चलाया जा रहा है, जबकि 350 केन्द्रों का पद रिक्त है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औरंगाबाद जिले के सभी वार्डों में आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*631. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत इटाढ़ी प्रखंड के उच्च विद्यालय में खेल के लिए बड़ा भू-भाग उपलब्ध है, परन्तु स्टेडियम नहीं रहने के कारण प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का अभ्यास नहीं कर पाते हैं;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में उपलब्ध भू-भाग पर स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सेवा में लेना

*632. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 में पूरे राज्य में बाल दीदियों की नियुक्ति की गयी थी जिसकी सेवा अचानक दिनांक 30 नवम्बर, 2012 से समाप्त कर दी गयी है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो गयी है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार कब से उन्हें पुनः सेवा में लेने का विचार रखती है ?

---------

निर्माण पूर्ण करना

*633. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के पी०आर० उच्च विद्यालय, कोरहिया +2 के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2008-09 में 26 लाख रुपया दिया गया, जिसमें से दिनांक 2 अगस्त, 2010 को 13 लाख रुपया कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल, मधुबनी को दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मधुबनी द्वारा अभीतक भवन निर्माण कार्य नहीं किया जा सका है तथा प्राधानाध्यापक के बार-बार पत्राचार के बावजूद भवन निर्माण विभाग द्वारा राशि भी वापस नहीं की जा रही है, जबकि भवन के आभाव में +2 की पढ़ाई बाधित हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक भवन निर्माण कार्य पूरा कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*634. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत एस०एन० सिन्हा महाविद्यालय में मात्र स्नातक तक की पढ़ाई होती है, स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने के लिये छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार एस०एन० सिन्हा महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*635. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत मोहिउद्दीनपुर चौक स्थित खेल मैदान तथा मध्य विद्यालय, छतनेश्वर, मसीना ग्राम स्थित कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय एवं भागवत ठाकुर उच्च विद्यालय, किशनपुर के खेल मैदान अविकसित है, यदि हां, तो क्या सरकार देहात के बच्चों, खेल एवं खिलाड़ियों के लिए उक्त खेल मैदानों को विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*636. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत परैया प्रखण्ड के अशोक उच्चांगल विद्यालय के चहारदीवारी नहीं होने के कारण पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों है ?

---------

निर्माण करना

*637. श्रीमती उषा सिन्हा --क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा विधान-सभा अन्तर्गत उच्च विद्यालय, दल्लू बिगहा, उच्च विद्यालय मकरौता, उच्च विद्यालय, चिकसौरा एवं उच्च विद्यालय, लोहडा तथा उच्च विद्यालय, पमारा में चहारदीवारी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि चहारदीवारी नहीं रहने के कारण विद्यालय के प्रांगण में वाह्य व्यक्तियों एवं जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

मूर्त रूप देना

*638. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सर्व-शिक्षा अभियान के तहत बच्चों के सृजनात्मक, रचनात्मक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, चित्रण शक्ति तथा तर्क शक्ति के विकास हेतु "चल पढ़ कुछ बन" पाक्षिक अखबार की व्यवस्था सभी विद्यालय में करना है, जिसे अबतक मूर्त रूप नहीं दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना को मूर्त रूप देने के लिए कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*639. श्री रामसुरत राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई विधान-सभा क्षेत्र के औराई प्रखण्ड में स्थित राजकीय उच्च विद्यालय, शाहीमीनापुर एवं बागमती उच्च विद्यालय, जनार को +2 के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा राशि का आवंटन किया गया था, किन्तु प्रधानाध्यापक की उदासिनता के कारण भवन का निर्माण नहीं हो सका तथा आवंटित राशि सरकार को समर्पित कर दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों +2 विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

जाँच कराना

*640. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत बिहार में जिला स्तर से प्रखण्ड स्तर तक 182 आँउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में 460 करोड़ रुपया स्वीकृत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि 182 में से एक भी स्टेडियम का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं किये जाने के कारण उसमें अभीतक खेल-कूद का आयोजन नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्यो सरकार स्टेडियम निर्माण की गुणवत्ता एवं उसपर खर्च हुई राशि की जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पूर्ण करना

*641. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत वाल्मीकिनगर के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कनधुसरी का भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण वर्ष 2004 में शुरू किया गया है, किन्तु आजतक अपूर्ण है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का अधूरा भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*642. श्री अवनीश कुमार सिंह--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 जनवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''पहली कक्षा के 55 फीसदी बच्चे नहीं पढ़ पाते अक्षर'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है केन्द्रीय मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा बिहार के 37 जिलों में कराये गये सर्वे ''असर 2012 (ऐनुअल स्टेटस ऑफ एडुकेशन रिपोर्ट)'' के अनुसार राज्य की पहली कक्षा में 55 फीसदी बच्चों को अक्षर ज्ञान नहीं है, यदि हां, तो सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है ?

---------

निर्माण करना

*643 श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने महादलित टोलों में सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड निर्माण कराने का निर्णय वर्ष 2008-09 में लिया था किन्तु पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखण्ड में बिथौल मुशहरी, चपौर मुशहरी, नहंवा मुशहरी, बेगमचक मुशहरी, नदवां मुशहरी, सोनमई मुशहरी, तेतरी मुशहरी सहित 125 महादलित टोलों की संख्या है, जहां सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के महादलित टोलों पर सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड बनाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

उत्क्रमित करना

*644. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद––क्या मंत्री, शिक्षा(मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत मध्य विद्यालय, शिबौल, म विद्यालय, औंसी विचला टोला, मध्य विद्यालय, मलंगीया, (रहिका) के 05 कि0मी0 की परिधि मे कोई उच्च विद्यालय नही

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र/छात्राओं के हित मे उक्त म विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राजस्व की क्षति

*645. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द––दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 29 नवम्बर, 2012 के अंक मे छपी खबर "गरीबों के लिए शराब सस्ती" शीर्षक के आलोक मे क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्तमान वित्तीय वर्ष मे देशी शराब बनाने का लागत खर्च कम करके 200 ग्राम पर 2 रुपये 14 पैसे तथा 400 ग्राम पर 4 रुपये 18 पैसे निर्धारित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009–10 में देशी शराब के 200 ग्राम पाउच का निर्माण खर्च 2 रुपये 80 पैसे निर्धारित था;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य मे देशी शराब की खपत लगभग 9 करोड़ एल0पी0एल0 होती है और निर्माण लागत मूल्य कम करने से लगभग 5 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व क्षति हो रहा है;

(4) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो निर्माण लागत कम करके राजस्व की क्षति पहुँचाने का क्या औचित्य है ?

---

राशि आवंटित करना

*646. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के युवा में खेल प्रतिभा को सरकार बढ़ावा देना चाहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे युवा जो विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र नहीं हैं और वे क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबाल, फुटबॉल आदि खेल टीम बनाकर खेलते हैं, सरकार की ओर से ऐसे खेल एवं खिलाडी को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खेल एवं खिलाड़ी के लिए जिलावार राशि आवंटित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*647. श्रीमती मनोरमा प्रसाद ––क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के बैरिया प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट उच्चतर मा0 विद्यालय, पाखराहा बाजार जिसमे ग्यारह सौ की सख्या में लड़के एवं लड़कियाँ पढ़ते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मा0 विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आस–पास के लोगो द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मा0 विद्यालय का चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संचालित करना

*648. श्री अवधेश कुमार राय---क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर पाँच वर्षों से बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि महाविद्यालय के बंद होने से शारीरिक शिक्षा की व्यवस्था समुचित नहीं हो पाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजेन्द्र नगर शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*649. श्री विनय बिहारी---क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चंपारण जिला के योगापट्टी प्रखंड के लक्ष्मीपुर मैदान में स्टेडियम का निर्माण वर्ष 2012 में कराया गया है, जिसके सीढ़ी का निर्माण अधूरा ही छोड़ दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अधूरा निर्माण के बावजूद अभिकर्ता द्वारा प्राक्कलित राशि का पूर्णतः उठाव वर्ष 2012 में कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधूरा निर्माण को पूर्ण कराते हुए दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*650. श्री विनोद कुमार सिंह---क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, आजमनगर में 10+2 का पठन-पाठन आरंभ कर दिया गया है, किन्तु भवन, शौचालय तथा छात्रावास के अभाव के कारण छात्रों को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन, शौचालय एवं छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*651. श्री कृष्णनन्दन यादव---क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी अनुमंडल में अनुसूचित जाति की आबादी बहुत अधिक है किन्तु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नीमचक बथानी अनुमंडल में एक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*652. श्री रामधनी सिंह---क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर एवं कोचस प्रखंड में रामनरेश चौधरी उच्च विद्यालय, डिभियाँ, गंगा पासवान अनुसूचित जाति उच्च विद्यालय, कोचस, सोनामती मगरू उच्च विद्यालय, चितांव है जिसका भवन निर्माण कार्य 2009 से ही प्रारंभ है, किन्तु विद्यालय भवन का काम पूरा नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी विद्यालय के भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए समय पर विद्यालय भवन नहीं बनाने वाले संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

कार्रवाई करना

* 653. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2012 में राज्य के विभिन्न जिलों में जहरीली शराब पीने के कारण लगभग 100 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई है, जिसमें आरा के 30, गया के 15, पटना के 10 लोग शामिल हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जहरीली शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा उक्त घटनाओं के जिम्मेदार कारोबारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

* 654. श्रीमती बीमा भारती—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली विधान–सभा के प्रखण्ड बड़हरा कोठी में अरवन्ना चकला मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय में परिणत नहीं किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण वहाँ के छात्र–छात्राओं की पढ़ाई अधूरी रह जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय में परिणत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बस पड़ाव बनाना

* 655. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर पंचायत में सरकारी बस पड़ाव नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नगर पंचायत में मुख्य मार्ग नबीनगर, अम्बा पर बसों के पड़ाव होने के कारण मुख्य मार्ग बाधित रहता है जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नबीनगर पंचायत में बस पड़ाव बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

* 656. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत राज संगवाडीह के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, संगवाडीह, नवका टोला के सामने खेल–कूद का मैदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मैदान का सौंदर्यीकरण एवं बाउण्ड्रीवाल नहीं होने के कारण मवेशियों का चारागाह बना हुआ है, जिससे छात्र–छात्राओं को क्रीड़ा (खेल–कूद) में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्रीड़ा स्थल (खेल–कूद का मैदान) का सौंदर्यीकरण एवं बाउण्ड्रीवाल (चहारदीवारी) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 657. श्रीमती (डॉ0) रंजु गीता—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी, नानपुर एवं बोखड़ा प्रखण्ड स्थित क्रमशः उच्च विद्यालय, नरहा, उच्च वि0, बाजपट्टी, उच्च विद्यालय, जानीपुर, उच्च वि0, बेलाशाति, कुटीर, उच्च वि0, खड़वा वसंत का भवन जर्जर है एवं चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 658. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के गोपालपुर (शेरघाटी) में अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय अवस्थित है, जिसका चहारदीवारी कई स्थानो पर टूटा हुआ है एवं जर्जर अवस्था में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अम्बेदकर आवासीय उच्च विद्यालय, गोपालपुर (शेरघाटी) का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 659. श्री रामायण माझी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गुठनी प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय +2, गुठनी एवं दरौली प्रखंड में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय +2, दरौली का भवन एवं शौचालय जर्जर होने के कारण छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पडता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन एवं शौचालय का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

* 660. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के पत्र संख्या 11977, दिनांक 4 अप्रील, 1992 द्वारा सभी महिला कर्मियों /सहायक शिक्षिकाओं के लिए दो दिन का विशेष अवकाश स्वीकृत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2006 में स्पष्ट प्रावधान नहीं रहने के कारण एक ही विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षिका को विशेष अवकाश का लाभ मिल रहा है, जबकि नियोजित शिक्षिका इस लाभ से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अन्य महिला कर्मियों की भाँति महिला पंचायत/प्रखंड शिक्षिकाओं को भी उक्त लाभ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण करना

* 661. डॉ0 जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत निम्नलिखित प्रखंडों क्रमशः धौरेया, बौसी एवं बांका के सी0एन0डी0 उच्च विद्यालय, पी0बी0एस0 कॉलेज, आर0 एम0 के0 उ0 विद्यालय एवं त्रिभुवन एकेडमी में वित्तीय वर्ष 2008–09 में स्टेडियम बनाने की स्वीकृति सरकार के द्वारा दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग के पत्रांक 36, 26 अगस्त, 2008 एवं 80, 17 फरवरी, 2009 से स्टेडियम निर्माण के लिए राशि भी विमुक्त की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो निर्माण कार्य में विलम्ब का क्या औचित्य है तथा सरकार स्टेडियम का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

रिक्त पद भरना

*662. श्री वीरेन्द्र सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, केनारचट्टी में छात्रों की संख्या 1065 है, जबकि वहां विज्ञान शिक्षक का सृजित पद रिक्त है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है , तो क्या सरकार प्राथमिकता के आधार पर उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*663. श्रीमती (डॉ0) रंजू गीता––क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड स्थित बाजपट्टी एवं नानपुर प्रखंडों में विभागीय नर्सरी को विगत 2 वर्षों से बंद कर दिया गया है जिससे आम जनता को उन्नत किस्म का वन नहीं मिल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में उत्तम किस्म के वन नर्सरी को चालू करने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

*664. श्री दिनकर राम––क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनबरसा प्रखंड के उच्च विद्यालय, कन्हौली में कम्प्यूटर भवन के अभाव में कम्प्यूटर की शिक्षा प्रारंभ नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में कम्प्यूटर भवन का निर्माण कराकर कम्प्यूटर शिक्षा प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*665. श्री कन्हैया कुमार ––क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखण्ड के ग्राम शेखावारा पंचायत, तेतरिया में आंगनबाड़ी केन्द्र है, जो महीने में मात्र 15 दिन ही खुलता है एवं बच्चों को पोषाहार भी ठीक ढंग से नहीं दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र में गाँव के महादलित परिवार के बच्चों का न तो नाम लिखा जाता है, न तो पोषाहार दिया जाता है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र की जाँच कराकर सेविका पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*666. श्री अवनीश कुमार सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में औसतन 243 बच्चों पर एक शौचालय है, वहीं केरल में 41 तथा हरियाणा में 67 बच्चों पर एक शौचालय उपलब्ध है, यदि हां, तो क्या सरकार राज्य में भी 41 बच्चों पर एक शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*667. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द––दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 7 जुलाई, 2012 के अंक में छपी खबर "आंगनबाड़ी का फाइव स्टार मैन्यू, खाक में सवा करोड़" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 80 हजार 797 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार एवं टेक होम राशन वितरण के मैन्यू के लिए बैनर तैयार करने पर लगभग 1 करोड़ 21 लाख रुपये का व्यय वर्ष 2012 में किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि आई0सी0डी0सी0 निदेशक द्वारा मैन्यू के प्रारूप को देखे बिना ही बैनर तैयार कराया गया, जो ग्रामीण क्षेत्रों की जनता की समझ में आनेवाला नहीं था ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार 1 करोड़ 21 लाख के सरकारी राजस्व के अपव्यय के लिए दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा देना

*668. श्री (मो0) अफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के संकल्प संख्या 230 / 1999 के अनुसार अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा चलाये जा रहे मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को मेडिकल, वेतन, आकस्मिक अवकाश आदि सुविधाएँ उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के अलावे राज्य के सभी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शिक्षकों को सरकारी सेवक के समतुल्य मेडिकल, वेतन, आकस्मिक अवकाश आदि सुविधाएँ जैसी सुविधा मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षकों को नहीं दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों की तरह मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को वेतनादि सुविधाएँ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*669. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखंड के मंझवलिया राजकीय बालिका उच्च विद्यालय का भवन बिल्कुल जर्जर है, जिसके कारण पठन--पाठन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार मंझवलिया राजकीय बालिका उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*670. श्री (मो0) आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कस्बा प्रखंड के कलानन्द उच्च विद्यालय के चहारदीवारी नहीं है, जिससे विद्यालय प्रांगण में मवेशी का प्रवेश होने से पठन--पाठन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के चाहरदीवारी का निर्माण कारने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*671. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले पंद्रह वर्षों से उचित रख--रखाव नहीं होने के कारण पटना के मोईनुल हक स्टेडियम जीर्ण--शीर्ण हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इस स्टेडियम के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*672. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंडान्तर्गत उच्च विद्यालय, कुरूर बेलवाई एवं कोपा का वित्तीय वर्ष 2007–08 में 10+2 में उत्क्रमण के फलस्वरूप अभीतक आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं किये जाने से पठन--पाठन का कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का आधारभूत संरचना का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा ।

पटना :
दिनांक 26 फरवरी, 2013 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०) 216– डी०टी०पी०– 450